# केन्द्रीय विद्यालय संगठन, कोलकाता संभाग

KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN, KOLKATA REGION

अभ्यास सेट-II / PRACTICE SET-II : 2024-25

**प्रश्नपत्र-(2024-25)**

| | |
|---|---|
| कक्षा/CLASS- X | अधिकतम अंक/ MAX. MARKS-80 |
| विषय/SUB.-हिंदी/HINDI-A(code-002) | समय/TIME-03 घंटे/HOURS |

**S-I**

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए :

- इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न है | सभी प्रश्न अनिवार्य है |
- इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं - क, ख, ग, घ |
- खंड क में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमे उपप्रश्नों की संख्या 10 हैं |
- खंड ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमे उपप्रश्नों की संख्या 20 हैं | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं |
- खंड ग में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमे उपप्रश्नों की संख्या 20 हैं |
- खंड घ में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं |
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए |

| | **खंड - क**<br>**( अपठित बोध )** | अंक<br>(14) |
|---|---|---|
| प्रश्न 1. | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : | 7 |
| | महिला सशक्तीकरण शारीरिक, मानसिक, आर्थिक एवं सामाजिक सभी स्तर पर महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा कर उन्हें सशक्त बनाने की प्रक्रिया है। महिलाओं के सामाजिक सशक्तीकरण में शिक्षा की अहम भूमिका है। ग्रामीण महिलाएँ सदियों से घरों एवं खेतों में पुरुषों के बराबर ही काम करती आई हैं, किंतु वहाँ उन्हें सामंती सोच के कारण दूसरे दर्जे का नागरिक ही माना जाता है। ग्रामीण समाज की सोच में परिवर्तन लाने का समय अब आ गया है। महिलाओं की बेहतरी के लिए गाँवों में भी पहल की जाने लगी है।<br>नारी सशक्तीकरण के इस वर्तमान दौर में महिलाएँ न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं, अपितु समाज एवं परिवार की सोच में भी सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देने प्रारंभ हो गए हैं। आज महिलाएँ सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षिक आदि सभी क्षेत्रों में उच्च स्तर की सफलता प्राप्त कर रही हैं। वर्तमान समय में लोग बेटियों को बोझ नहीं समझें और दुनिया में आने से पहले मारें नहीं, इसलिए सरकार ने बहुत सारी योजनाओं जैसे - लाडली योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उड़ान आदि की शुरुआत की है \| | |
| (क) | कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :<br>कथन (A) : महिलाएँ दूसरे दर्जे की नागरिक मानी जाती हैं \|<br>कारण (R) : ऐसा सामंती सोच वाले लोग मानते हैं \| | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | i. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है \|<br>ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है \|<br>iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है \|<br>iv. कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है \| | |
| (ख) | महिला सशक्तिकरण का अर्थ है -<br>कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए -<br>I. महिला को शारीरिक रूप से शक्तिशाली बनाना \|<br>II. महिला को राजनीतिक शक्ति देना \|<br>III. महिला को आर्थिक दृष्टि से स्वतंत्र बनाना \|<br>IV. महिला को हर दृष्टि से विकास के अवसर देना \|<br>विकल्प -<br>i. कथन I और II सही हैं \|<br>ii. कथन I,III और IV सही हैं \|<br>iii. कथन I,II और IV सही हैं \|<br>iv. केवल कथन IV सही है \| | 1 |
| (ग) | नीचे दिए हुए कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कर सही विकल्प का चयन कीजिए –<br>(तालिका नीचे)<br>i. I (1) II (2) III (3)<br>ii. I (3) II (1) III (2)<br>iii. I (2) II (3) III (1)<br>iv. I (1) II (3) III (2) | 1 |
| (घ) | ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को किस तरह का नागरिक माना जाता रहा है ? | 2 |
| (ङ) | महिलाओं के विकास हेतु वर्त्तमान समय में सरकार ने कौन-कौन सी योजनाएँ चलाई हैं ? | 2 |
| प्रश्न 2. | निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : | 7 |
| | हम धरती के बेटे बड़े कमेरे हैं।<br>भरी थकान में सोते फिर भी -<br>उठते बड़े सवेरे हैं।।<br>धरती की सेवा करते हैं<br>कभी न मेहनत से डरते हैं<br>लू हो चाहे ठण्ड सयानी<br>चाहे झर-झर बरसे पानी<br>ये तो मौसम हैं हमने<br>तूफानों के मुँह फेरे हैं।<br>खेत लगे हैं अपने घर से<br>हमको गरज नहीं दफ्तर से | |

(ग) की तालिका:

| कॉलम 1 | कॉलम 2 |
|---|---|
| I. महिलाओं को सशक्त बनाने की प्रक्रिया है- | 1. ग्रामीण महिलाएँ |
| II. महिलाएँ पुरुषों के बराबर काम करती आई हैं- | 2. शिक्षा की |
| III. महिलाओं के सशक्तिकरण में अहम भूमिका है- | 3. आत्मविश्वास पैदा कर |

| | | |
|---|---|---|
| | दूर शहर से रहने वाले<br>सीधे-सादे, भोले-भाले<br>रखवाले अपने खेतों के<br>जिनमें बीज बिखेरे हैं।<br>हाथों में लेकर हल-हँसिया<br>गाते नई फसल के रसिया<br>धरती को साड़ी पहनाते<br>दूर-दूर तक भूख मिटाते<br>मुट्ठी पर दानों को रखकर<br>कहते हैं बहुतेरे हैं।<br>हम धरती के बेटे बड़े कमेरे हैं।<br>भरी थकान में सोते फिर भी -<br>उठते बड़े सवेरे हैं।। | |
| (क) | 'हम धरती के बेटे बड़े कमेरे हैं।' में 'कमेरे' से क्या आशय है –<br>i. परिश्रमी से<br>ii. काम से<br>iii. किसान से<br>iv. मज़दूर से | 1 |
| (ख) | कवि ने किसानों को 'फसलों का रसिया' क्यों कहा है ? उचित विकल्प का चयन कीजिए -<br>I. फसलों को उगाते हैं \|<br>II. फसलों को काटते हैं \|<br>III. फसलों से प्रेम करते हैं \|<br>IV. फसलों को बेचते हैं \|<br>विकल्प -<br>i. कथन I और II सही हैं \|<br>ii. कथन I,II और IV सही हैं \|<br>iii. केवल कथन III सही है \|<br>iv. कथन I,III और IV सही हैं \| | 1 |
| (ग) | कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :<br>कथन (A) : हमारे घर खेतों के पास स्थित होते हैं \|<br>कारण (R) : हमारे घर शहरों से दूर होते हैं \|<br>i. कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है \|<br>ii. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है \|<br>iii. कथन (A) और (R) दोनों सही है तथा कथन (A) कारण (A) की सही व्याख्या है \|<br>iv. कथन (A) और कारण (R) सही हैं, परंतु कथन (A) कारण (R) की सही व्याख्या नहीं है \| | 1 |
| (घ) | किसान धरती की सेवा किस प्रकार करते हैं ? | 2 |
| (ङ) | 'किसानों ने धरती को फसलों के आवरण से ढक दिया है\|' इस कथन का क्या आशय है \| | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड - ख**<br>**(व्यावहारिक व्याकरण)** | 16 |
| प्रश्न 3. | निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : | 4x1=4 |
| (क) | 'रसूलन और बतूलन ने गाना गया, क्योंकि इसी से अमीरुद्दीन को खुशी मिलती है \|'(सरल वाक्य में बदलिए ) | 1 |
| (ख) | हालदार साहब का प्रश्न सुनकर वह आँखों ही आँखों में हँसा \| ( संयुक्त वाक्य में बदलिए ) | 1 |
| (ग) | सुबह हुई और मंदिर की घंटी बजने लगी \| ( मिश्र वाक्य में बदलिए ) | 1 |
| (घ) | कैप्टन नेताजी से क्षमा माँगते हुए चश्मा ग्राहक को दे देता था \| ( रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए ) | 1 |
| (ङ) | जब पान के पैसे चुका कर जीप में आ बैठे, तब रवाना हो गए \| ( आश्रित उपवाक्य अलग कर उपवाक्य का भेद लिखिए | 1 |
| प्रश्न 4. | निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : | 4x1=4 |
| (क) | बच्चे से गिलास टूट गया \| ( वाच्य का भेद बताइए ) | 1 |
| (ख) | हम इतनी गर्मी में नहीं पढ़ सकते \| ( भाववाच्य में बदलिए ) | 1 |
| (ग) | बालगोबिन भगत कबीर को 'साहब' मानते थे \| ( कर्मवाच्य में बदलिए ) | 1 |
| (घ) | धान के पानी - भरे खेतों में बच्चे उछल रहे हैं \| ( वाच्य का भेद बताइए ) | 1 |
| (ङ) | पानवाले द्वारा नया पान खाया जा रहा था \| ( कर्तृवाच्य में बदलिए ) | 1 |
| प्रश्न 5. | निर्देशानुसार 'पद – परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : | 4x1=4 |
| (क) | <u>भोलानाथ</u> बाकी सभी लड़कों के साथ खेलने लगा \| ( रेखांकित पद का परिचय लिखिए ) | 1 |
| (ख) | वर्षा के बाद <u>धीरे-धीरे</u> हरियाली बढ़ने लगी \| ( रेखांकित पद का परिचय लिखिए ) | 1 |
| (ग) | <u>ईमानदारी</u> बड़ी दुर्लभ वास्तु है \| ( रेखांकित पद का परिचय लिखिए ) | 1 |
| (घ) | <u>हमें</u> अपने भारत पर गर्व है \| ( रेखांकित पद का परिचय लिखिए ) | 1 |
| (ङ) | यह छात्र बहुत <u>चतुर</u> है \| ( रेखांकित पद का परिचय लिखिए ) | 1 |
| प्रश्न 6. | निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों की काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए : | 4x1=4 |
| (क) | प्रीति-नदी में पाऊँ न बोरयो \| | 1 |
| (ख) | राणा ने देखा इस पार \|<br>तब तक चेतक था उस पार \|\| | 1 |
| (ग) | उस काल मारे क्रोध के, तन काँपने लगा \|<br>मानो हवा के जोर से, सोता हुआ सागर जगा \|\| | 1 |
| (घ) | देख लो साकेत नगरी है यही \|<br>स्वर्ग से मिलने गगन में जा रही \|\| | 1 |
| (ङ) | कार्तिक की एक हँसमुख सुबह<br>नदी - तट से लौटती गंगा नाहाकर \| | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड - ग**<br>**( पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक )** | 30 |
| प्रश्न 7. | निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 5x1=5 |
| | पानवाला नया पान खा रहा था। पान पकड़े अपने हाथ को मुँह से डेढ़ इंच दूर रोककर उसने हालदार साहब को ध्यान से देखा, फिर अपनी लाल-काली बत्तीसी दिखाई और मुसकराकर बोला-नहीं साब ! वो लँगड़ा क्या जाएगा फ़ौज में। पागल है पागल ! वो देखो, वो आ रहा है। आप उसी से बात कर लो। फ़ोटो वोटो छपवा दो उसका कहीं। हालदार साहब को पानवाले द्वारा एक देशभक्त का इस तरह मज़ाक उड़ाया जाना अच्छा नहीं लगा। मुड़कर देखा तो अवाक् रह गए। एक बेहद बूढ़ा मरियल-सा लँगड़ा आदमी सिर पर गांधी टोपी और आँखों पर काला चश्मा लगाए एक हाथ में एक छोटी-सी संदूकची और दूसरे हाथ में एक बाँस पर टँगे बहुत-से चश्मे लिए अभी-अभी एक गली से निकला था और अब एक बंद दुकान के सहारे अपना बाँस टिका रहा था। तो इस बेचारे की दुकान भी नहीं! फेरी लगाता है! हालदार साहब चक्कर में पड़ गए। पूछना चाहते थे, इसे कैप्टन क्यों कहते हैं? क्या यही इसका वास्तविक नाम है? लेकिन पानवाले ने साफ़ बता दिया था कि अब वह इस बारे में और बात करने को तैयार नहीं। ड्राइवर भी बेचैन हो रहा था। काम भी था। हालदार साहब जीप में बैठकर चले गए। | |
| (क) | पानवाले ने देशभक्त का मज़ाक क्या कहकर उड़ाया था ? निम्नलिखित विशेषणों के आधार पर उचित विकल्प का चयन कीजिए -<br>I. लँगड़ा<br>II. बूढ़ा<br>III. पागल<br>IV. मरियल<br>विकल्प -<br>i. कथन I और II सही हैं \|<br>ii. कथन I और III सही हैं \|<br>iii. केवल कथन III सही है \|<br>iv. कथन II और IV सही हैं \| | 1 |
| (ख) | कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :<br>कथन (A) : पानवाले ने अपने मित्र कैप्टन के बारे में अनुपयुक्त भाषा का प्रयोग किया \|<br>कारण (R) : पानवाले में संवेदनशीलता का अभाव था \|<br>i. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है \|<br>ii. कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है \|<br>iii. कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं \|<br>iv. कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है \| | 1 |
| (ग) | हालदार साहब अवाक् क्यों रह गए ?<br>i. एक मरियल से बूढ़े आदमी को देखकर<br>ii. कल्पना से परे 'कैप्टन' नाम के विपरीत उसका हुलिया देखकर<br>iii. एक बूढ़े को लाठी पकड़े चश्मा लगाए गाँधीजी के रूप में देखकर<br>iv. एक चश्मेवाले दुकानदार को इस रूप में देखकर | 1 |
| (घ) | 'फ़ोटो-वोटो छपवा दो उसका कहीं' हालदार साहब के सम्मुख पानवाले द्वारा कहा गया यह कथन चश्मेवाले के प्रति क्या दर्शाता है ?<br>i. संवेदना | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | ii. वेदना अनुभूति<br>iii. सहानुभूति<br>iv. व्यंग्यात्मकता | |
| (ङ) | ड्राइवर की बेचैनी का कारण क्या था ? उचित विकल्प का चयन कीजिए -<br>I. देशभक्त कैप्टन में कोई रुचि नहीं होना<br>II. भूख लगना और घर जाने की जल्दी<br>III. उमस के कारण बेचैनी बढ़ना<br>IV. हालदार साहब को गंतव्य पर पहुँचाने की जल्दी<br>विकल्प -<br>i. कथन I और II सही हैं \|<br>ii. कथन II और III सही हैं \|<br>iii. कथन I,III और IV सही हैं \|<br>iv. केवल कथन IV सही है \|<br>v. | 1 |
| प्रश्न 8. | निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों का उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए : | 3x2=6 |
| (क) | 'बालगोबिन भगत' पाठ में किन सामाजिक रूढ़ियों पर प्रहार किया गया है ? अपने शब्दों में लिखिए \| | 2 |
| (ख) | झूठी शान और दिखावे से अपना व्यक्तित्व ही भूमिल पड़ता है \| इस कथन को 'लखनवी अंदाज़' कहानी के आधार पर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए \| | 2 |
| (ग) | 'एक कहानी यह भी' के सन्दर्भ में लिखिए कि वर्त्तमान पड़ोस - कल्चर में किन बातों का अभाव दृष्टिगोचर होता है ? | 2 |
| (घ) | बिस्मिल्ला खाँ शहनाई के लिए सर्वोच्च सम्मान पाकर भी नमाज़ के बाद सजदे में गिड़गिड़ाते हैं - मेरे मालिक एक सुर बख्श दे \| इससे उनकी कौन-सी दो विशेषताए उभरकर आती है ? | 2 |
| प्रश्न 9. | निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 5x1=5 |
| | बादल, गरजो ! -<br>घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ!<br>ललित ललित, काले घुँघराले,<br>बाल कल्पना के-से पाले,<br>विद्युत-छबि उर में, कवि, नवजीवन वाले !<br>वज्र छिपा, नूतन कविता<br>फिर भर दो-<br>बादल, गरजो!<br>विकल विकल, उन्मन थे उन्मन<br>विश्व के निदाघ के सकल जन,<br>आए अज्ञात दिशा से अनंत के घन !<br>तप्त धरा, जल से फिर<br>शीतल कर दो-<br>बादल, गरजो! | |

| | | |
|---|---|---|
| (क) | कवि बादलों को सम्बोधित करते हुए क्या कह रहा है ?<br>i. लोगों के मन को सुख से भरने के लिए<br>ii. सम्पूर्ण आकाश को घेर-घेर कर बरसने के लिए<br>iii. आकाश को साफ करने के लिए<br>iv. बिजली चमकाने के लिए | 1 |
| (ख) | कवि ने बादलों कि व्याख्या किस प्रकार की है ? सही विकल्प का चयन कीजिए -<br>I. हृदय की बिजली के समान, नवजीवन प्रदान करने वाला, इच्छापूर्ति करने वाला<br>II. काले केश वाला, संसार में जोश भरने वाला<br>III. सम्पूर्ण आकाश को ढकने वाला, गरज कर शोर मचाने वाला<br>IV. कल्पना के समान, बिजली गिराने वाला<br>विकल्प –<br>i. कथन I सही है \|<br>ii. कथन I और II सही हैं \|<br>iii. कथन II और III सही हैं \|<br>iv. कथन I और IV सही हैं \| | 1 |
| (ग) | कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :<br>कथन (A) : कवि बादलों को गरज कर घनघोर वर्षा करने को कह रहा है \|<br>कारण (R) : बादल वर्षा करके पीड़ित प्यासे जन की इच्छा पूरी करते है \|<br>i. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है \|<br>ii. कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है \|<br>iii. कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं \|<br>iv. कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है \| | 1 |
| (घ) | पद्यांश में बादल क्या संकेत कर रहे हैं ?<br>i. मनुष्य में उत्साह वृद्धि, संघर्ष के प्रति प्रेरित करने और जीवन में नवीनता व परिवर्तन लाने की ओर<br>ii. मनुष्य को लड़ने, संघर्ष से भागने और जीवन में परिवर्तन लाने की ओर<br>iii. मनुष्य को हतोत्साहित, संघर्ष के लिए उत्प्रेरित करने और जीवन में नवीनता लाने की ओर<br>iv. मनुष्य को उत्साहित, संघर्ष से पीछे हटने और जीवन में परिवर्तन लाने की ओर | 1 |
| (ङ) | कवि के अनुसार नूतन कविता कैसी होनी चाहिए : सही विकल्प का चयन कीजिए -<br>I. सम्पूर्ण संसार में जोश भर देने वाली<br>II. सम्पूर्ण संसार को नीरवता से भर देने वाली<br>III. सम्पूर्ण संसार का अंत कर देने वाली<br>IV. सम्पूर्ण संसार में नवजीवन नहीं लाने वाली<br>विकल्प –<br>i. कथन I सही है \|<br>ii. कथन I और II सही हैं \|<br>iii. कथन II और III सही हैं \|<br>iv. कथन I और IV सही हैं \| | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 10. | निर्धारित कविओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए : | 3x2=6 |
| (क) | 'संगतकार' कविता के आधार पर संगतकार मुख्य गायक का साथ देते समय क्या-क्या याद दिलाता है ? स्पष्ट कीजिए \| | 2 |
| (ख) | गोपियाँ कृष्ण से क्यों नाराज़ थीं ? | 2 |
| (ग) | कवि मधु चाँदनी रातों की उज्ज्वल गाथाएँ क्यों नहीं गाना चाहता ? | 2 |
| (घ) | कवि के अनुसार 'फसल' क्या है ? | 2 |
| प्रश्न 11. | पूरक पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए : | 2x4=8 |
| (क) | 'माता का प्रेम, पिता के प्रेम की अपेक्षा अधिक गहन होता है' \| माता के अँचल पाठ के आधार पर विचार कीजिए \| | 4 |
| (ख) | सिक्किम की यात्रा करते समय लेखिका को बौद्ध धर्म सम्बन्धी किन आस्थाओं और विश्वासों की जानकारी प्राप्त हुई तथा लेखिका ने उनके प्रति क्या प्रतिक्रिया अभिव्यक्त की ? | 4 |
| (ग) | हिरोशिमा की घटना विज्ञान का भयानकतम दुरुपयोग है \| आपके दृष्टि में विज्ञान का दुरुपयोग कहाँ-कहाँ और किस तरह से हो रहा है ? | 4 |
| | **खंड - घ**<br>**( रचनात्मक - लेखन )** | 20 |
| प्रश्न 12. | निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए \|<br>(क) मुसीबत में ही मित्र की परख होती है<br>संकेत बिंदु-<br>• भूमिका<br>• अच्छे मित्र के गुण<br>• आदर्श मित्रों के उदाहरण<br>• सच्चे मित्र का चुनाव<br>(ख) आधुनिक जीवन शैली और स्वास्थ्य<br>संकेत बिंदु-<br>• भूमिका<br>• आधुनिक जीवन शैली<br>• आधुनिक जीवन शैली का स्वास्थ्य पर प्रभाव<br>• आधुनिक जीवन शैली को बदलने का प्रयास<br>(ग) आधुनिक युग में कंप्यूटर का महत्व<br>संकेत बिंदु-<br>• भूमिका<br>• कंप्यूटर का महत्व एवं उपयोगिता<br>• सूचना प्रौद्योगिकी में योगदान | 1x6=6 |

| | | |
|---|---|---|
| | • कंप्यूटर के नकारात्मक परिणाम | |
| प्रश्न 13. | आप सौरभी / सौरभ हैं। आप सेक्टर 35 में रहते हैं, आपके क्षेत्र में पुस्तकालय की कोई व्यवस्था नहीं है, उसके लिए दूर जाना पड़ता है। अतः आप अपने क्षेत्र में एक नया पुस्तकालय स्थापित करने हेतु सांसद महोदय को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।<br>**अथवा**<br>आप सौरभी / सौरभ हैं \| आपके विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया, जिसमें आपकी भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। अपने छोटे भाई को कार्यक्रम के प्रति अपना अनुभव बताते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। | 1x5=5 |
| प्रश्न 14 | आप मांडवी / मांडव हैं \| आपने दिल्ली से एम बी ए किया है आपको सी एम जी कंपनी में मार्केटिंग में एक्ज़ीक्यूटिव पद के लिए आवेदन करना है \| इसके लिए आप अपना एक संक्षिप्त स्ववृत्त (बायो डाटा) लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए \|<br>**अथवा**<br>आप मांडवी / मांडव हैं \| आपके घर के आस-पास कलकारखानों एवं यातायात का दबाव बढ़ रहा है, जिससे ध्वनि प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हो रही है \| अतः आप नगर योजना अधिकारी को ध्वनि प्रदूषण की समस्या से अवगत कराने के लिए लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए \| | 1x5=5 |
| प्रश्न 15. | आपके विद्यालय के माली ने फूलों की पौध तैयार की है \| उनके निःशुल्क वितरण के लिए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए \|<br>**अथवा**<br>गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए देशवासियों को लगभग 40 शब्दों में एक सन्देश लिखिए \| | 1x4=4 |

समाप्त